वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

Digital Edition | ब्यावर, 23 अगस्त 2025, शनिवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क





नव निर्मित रांका ब्लॉक का भव्य उद्घाटन







वर्द्धमान की इकाईयों में श्रृंखलाबद्ध भौतिक विकास की बहार
भामाशाहों के रुझान से वर्द्धमान परिसर नवीनता से आबाद

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं की आधुनिक शिक्षा के लिए 56 हाइटेक कम्प्यूटर, स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर से सुसज्जित दो पूर्णत: वातानुकूलित बोहरा कम्प्यूटर लैब एवं भवंरलाल गोठी पब्लिक सी.सै. स्कूल में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु नवनिर्मित वातानुकूलित आधुनिक फर्नीचर से परिपूर्ण रांका ब्लॉक का सामूहिक उदघाटन बैण्ड की सुमधुर ध्वनि में नवकार मंत्र एवं भगवान श्री गणेश की स्तुति के साथ किया गया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा इस अवसर पर शैक्षणिक इकाइयों के भौतिक विकास एवं उन्नयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु भामाशाह परिवार व अतिथियों का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चेन्नई निवासी भामाशाह राकेश कुमार रांका एवं उनके पुत्र केसर मरुधर रांका एवं भामाशाह अशोक बोहरा का स्वागत एवं अभिनंदन अध्यक्ष सुनील खेतपालिया एवं मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने माल्यार्पण, शॉल, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

इसी के साथ चैन्नई निवासी पवन खींवसरा एवं वीणा खींवसरा का भी माल्यार्पण, शॉल, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में भामाशाह रिखबचंद, पवन कुमार, विशाल कुमार खींवसरा मरुधर बाबरा हाल मुकाम माधावरम-चैन्नई द्वारा भंवरलाल गोठी पब्लिक स्कूल में आधुनिक विज्ञान लैब्स हेतु इक्कीस लाख रू. के अर्थ सहयोग हेतु स्वीकृति प्रदान की।

इसी श्रृंखला में तृतीय फ्लोर पर दाहिनी ओर नवसृजित रांका ब्लॉक के निर्माण हेतु कोडम्बाक्कम, चेन्नई मरूधर कुशालपुरा निवासी भामाशाह वाइसराज पदमचंद रांका द्वारा ग्यारह लाख के अर्थ सहयोग एवं तृतीय फ्लोर पर बायीं ओर सिंघवी ब्लॉक के निर्माण हेतु चेन्नई निवासी मरुधर नांदिया कला के भामाशाह सम्पतराज, मनोज कुमार, अनिल कुमार सिंघवी द्वारा ग्यारह लाख के अर्थ सहयोग प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने भामाशाह परिवारों के सहयोग से निरन्तर विकास की ओर अग्रसर महाविद्यालय एवं विद्यालय की भौतिक एवं शैक्षणिक प्रगति का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने भामाशाह परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के पदाधिकारी उपाध्यक्ष द्वितीय ज्ञानचन्द बिनायकिया, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, कार्यकारिणी सदस्य गौतमचन्द गोखरु, प्रकाशचन्द गदिया, किस्तूरचंद डोसी, चंदूलाल कोठारी, प्रवीण खेतपालिया, रमेशचंद मेड़तवाल, उत्तमचन्द देरासरिया, दीपचन्द कोठारी, सुरेशचन्द कांकरिया, आशीषपाल पदावत, धनपतराज श्रीश्रीमाल, पारस ओस्तवाल, महावीरचंद नाहर, अरविन्द मुथा, दुलराज मकाणा, शैलेन्द्र सोगानी, रवि कुमार सुराणा, राजेन्द्र ओस्तवाल, रमेश भराड़िया, राजेन्द्र गर्ग, सुशील छाजेड़, हरीश मूंदड़ा, नरेन्द्र मेड़तवाल, कमल कुमार श्रीश्रीमाल, हुकमीचंद ललवानी, प्रकाशचंद मेहता, मनमोहन मेहता, राजेन्द्र कुंकलोल, विनोद कुमठ, अशोक पारलेचा शहर के गणमान्य प्रबुद्धजन, महाविद्यालय एवं विद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज एवं बीएल गोठी स्कूल के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जमकर दाद बटोरी, कार्यक्रम का कुशल संचालन निधी पंवार एवं अनुपमा दाधीच द्वारा किया गया।









अत्याधुनिक बोहरा कम्प्यूटर लेब का भव्य उद्घाटन

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं की आधुनिक शिक्षा के लिए 56 हाइटेक कम्प्यूटर, स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर से सुसज्जित दो पूर्णतः वातानुकूलित बोहरा कम्प्यूटर लैब का भव्य उदघाटन कॉलेज गर्ल्स बैण्ड की सुमधुर धुनों के बीच नवकार मंत्र एवं भगवान श्री गणेश की स्तुति के साथ किया गया। इस अवसर पर भामाशाह बोहरा परिवार के अशोक बोहरा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा शिलालेख अनावरण किया गया।









स्कूल-कॉलेज बेंड की धुनों ने मोहा मन

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज, बी एल गोठी स्कूल की बेंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियों ने अतिथियों एवं आगंतुको का मन मोह लिया। बेंड प्रशिक्षक चंदन सर द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया।





भामाशाह खींवसरा परिवार का किया बहुमान









श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा इस अवसर पर शैक्षणिक इकाइयों के भौतिक विकास एवं उन्नयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु भामाशाह परिवार व अतिथियों के अभिनंदन की श्रृंखला मे चैन्नई निवासी पवन खींवसरा एवं वीणा खींवसरा का भी माल्यार्पण, शॉल, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह रिखबचंद, पवन कुमार, विशाल कुमार खींवसरा मरुधर बाबरा हाल मुकाम माधावरम-चैन्नई द्वारा भंवरलाल गोठी पब्लिक स्कूल में आधुनिक विज्ञान लैब्स हेतु इक्कीस लाख रू. के अर्थ सहयोग हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।













सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बटोरी दाद...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान में भौतिक विकास के लिए अर्थ सहयोग हेतु योगदान देने वाले भामाशाह सम्मान समारोह में शैक्षणिक इकाईयों के विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जमकर दाद बटोरी।







मस्ती की पाठशाला...



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सी.से.स्कूल में नवनिर्मित रांका ब्लॉक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्य एवं भामाशाह के.राकेश रांका ने कक्षा कक्ष के अवलोकन के दौरान एक कक्ष में फर्नीचर टेबल कुर्सी पर बैठकर अपने स्कूल के दिनों की यादों को ताजा किया।







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के पदाधिकारी एवं प्रबंधकारिणी सभा की दिनांक 16 अगस्त को सम्पन्न मीटिंग में रही विशाल उपस्थिति

भामाशाह रांका परिवार एवं बोहरा परिवार का किया बहुमान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा इस अवसर पर शैक्षणिक इकाइयों के भौतिक विकास एवं उन्नयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु भामाशाह परिवार व अतिथियों का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चेन्नई निवासी भामाशाह राकेश कुमार रांका एवं उनके पुत्र केसर मरुधर रांका एवं भामाशाह अशोक बोहरा का स्वागत एवं अभिनंदन अध्यक्ष सुनील खेतपालिया एवं मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, समिति प्रबंधकारिणी सदस्यों एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा द्वारा माल्यार्पण, शॉल, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।







जिले की टॉपर सेजल सोनी को मिला लेपटॉप

श्री विपिन छाजेड़, डॉ दीपा छाजेड़, सुश्री दिशा छाजेड़ द्वारा अनुपम भेंट







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय की छात्रा सेजल सोनी सुपुत्री श्रीमान् ललित कुमार जी व श्रीमती कविता सोनी द्वारा कक्षा 10 में 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्यावर जिले में टॉपर बनने पर विद्यालय द्वारा 20 अगस्त 2025 बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित श्रीमान् विपिन जी छाजेड़ सी.ई.ओ. श्री पार्श्वनाथ जैन चिकित्सालय एवं शोध संस्थान ब्यावर, एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. दीपा छाजेड़ ने अपनी सुपुत्री सुश्री दिशा छाजेड़ की प्रेरणा से छात्रा सेजल सोनी को प्रोत्साहन स्वरुप लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी का लेपटॉप व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होनें छात्रा एवं उसके परिजनों को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की



कामना की।

समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रा सेजल सोनी ने विद्यालय से मिली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होनें कहा कि छात्रा के प्रदर्षन से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। डॉ. पारख ने कहा कि गोठी विद्यालय न सिर्फ बेहतरीन शिक्षा बल्कि



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

इस दौरान मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा नें मुख्य अतिथि श्रीमान विपिन जी छाजेड़ को साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही उप प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी ने डॉ. दीपा छाजेड़ को माला व शॉल पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमान् धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छात्रा सेजल सोनी से प्रेरणा लेते हुए सभी विद्यार्थियों को ऐसे ही आगे बढ़कर अपने परिवार, गुरुजनों व विद्यालय का मान बढ़ाने के लिये कठोर परिश्रम व नियमित अध्ययन करना चाहिये।

कार्यक्रम के दौरान शाला निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी, सहित सभी स्टाफ सदस्य व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपमा दाधीच ने किया।